# युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर के बाद सड़क पर गिरे युवक की मौके पर मौत

**छतरपुर, 09 मार्च.** जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चौपरिया धाम मंदिर के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत के बाद एक युवक सड़क पर गिर गया, जिसे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया. हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.

जानकारी के अनुसार अनिल रजक (27) और ऋतिक विश्वकर्मा (22) एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थे और सोमवार सुबह बाइक से बड़ामलहरा की ओर जा रहे थे. जैसे ही वे चौपरिया धाम मंदिर के पास मोड़ पर पहुंचे, सामने से आ रही दूसरी बाइक, जिस पर राजेंद्र कुशवाहा और 13 वर्षीय प्रीतम सवार थे, से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर के बाद अनिल रजक उछलकर सड़क पर गिर पड़े और उसी समय पीछे से आ रहे ट्रक का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया है.

- चौपरियाधाम के पास हादसा
- तीन लोग गंभीर घायल



### महोबा रोड पर टैंकर ने बाइक सवार को कुचला

**छतरपुर, 09 मार्च.** जिला मुख्यालय से करीब 4 किलोमीटर दूर महोबा रोड स्थित काली देवी तिगड्डा के पास सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. सागर-कानपुर फोरलेन निर्माण कार्य में लगे एक तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया. हादसे के बाद घायल युवक करीब 40 मिनट तक सड़क पर तड़पता रहा, लेकिन बार-बार कॉल करने के बावजूद एम्बुलेंस और डायल-112 की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची, जिससे आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए. जानकारी के अनुसार टैंकर (जीजे 02 जेड 6409) ने गढ़ीमलहरा की ओर से आ रहे पल्सर बाइक सवार अनिल अहिरवार, निवासी ग्राम बर्राई-सेंवड़ी, को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि टैंकर युवक को रौंदते हुए आगे निकल गया. हादसे के बाद चालक और वाहन में मौजूद अन्य लोग टैंकर छोड़कर मौके से फरार हो गए. घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और एम्बुलेंस व डायल-112 को लगातार फोन किए गए, लेकिन काफी देर तक कोई मदद नहीं पहुंची. इसी दौरान



लुधियाना की ओर जा रहे बोलेरो चालक देवकी तिवारी ने गाड़ी रोककर घायल को अस्पताल पहुंचाया. घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है. सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# जापान से आईं मैडम सायो इन्दो, बांटे स्कूल बैग

## खजुराहो के होप शांति इंग्लिश स्कूल में 45 बच्चों को मिली शैक्षणिक सामग्री

**छतरपुर, 09 मार्च.** पर्यटन नगरी खजुराहो स्थित होप शांति इंग्लिश स्कूल में सोमवार को एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में जापान से आईं समाजसेवी सायो इन्दो ने विद्यालय के बच्चों को स्कूल बैग और पढ़ाई की सामग्री वितरित की. इस दौरान करीब 45 छात्र-छात्राओं को बैग सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनआरआई ओम प्रकाश गौतम उपस्थित रहे. कार्यक्रम



विद्यालय की प्राचार्य नैंनसी मिश्रा की मौजूदगी में संपन्न हुआ. इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका मनीषा सिंह सेंगर, शिक्षिका रक्षा यादव, शिक्षक नरेंद्र शुक्लासहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा. मीडिया से बातचीत में सायो इन्दो ने कहा कि बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है. उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए सहयोग करना उनके लिए गर्व और संतोष की बात है. वहीं विद्यालय के बच्चों ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए सायो इन्दो का आभार जताया. कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### मंडी में 11,942 क्विंटल उपज की आवक

**विदिशा.** कृषि उपज मंडी समिति विदिशा में सोमवार को विभिन्न कृषि जिंसों की कुल 11 हजार 942 क्विंटल आवक दर्ज की गई. मंडी प्रशासन द्वारा जारी दैनिक आवक एवं भाव पत्रक के अनुसार गेहूं, धान, सोयाबीन, चना, मसूर और सरसों सहित अन्य फसलों की आवक रही. मंडी में सबसे अधिक आवक गेहूं 1544 किस्म की दर्ज की गई, जिससे व्यापारिक गतिविधियां पूरे दिन सक्रिय रहीं. मंडी में गेहूं 1544 की कुल 5,189 क्विंटल आवक दर्ज की गई. इस किस्म का न्यूनतम भाव 1750 रुपये, अधिकतम भाव 2650 रुपये तथा मॉडल भाव 2450 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

# दबंगों के डर से सहमा परिवार

## एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर, 09 मार्च.** शहर के वार्ड नंबर 16, संकट मोचन पहाड़ी स्थित मरई माता मंदिर के पास रहने वाले एक परिवार ने दबंगों के खौफ से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है. पीड़ित सनत कुमार नागर की पत्नी सपना देवी नागर ने आवेदन देकर अपने पति और परिवार की जान को खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

शिकायत में बताया गया कि 3 मार्च की रात नागर परिवार अपने घर में जन्मदिन का कार्यक्रम मना रहा था. इसी दौरान मुकेश नागर




और आशीष नागर कथित रूप से 4-6 साथियों के साथ नशे की हालत में घर के पीछे के रास्ते से अंदर घुस आए और परिवार के लोगों के साथ गाली-गलौज करने लगे. विरोध करने पर आरोपियों ने सनत कुमार नागर के साथ लात-घूंसों से मारपीट की. पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने पूरे परिवार को जान से मारने और घर में आग लगाने की धमकी भी दी. घटना के बाद सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. उल्टा आरोपियों ने दबाव बनाने के लिए पीड़ित पक्ष के खिलाफ ही झूठी शिकायत दर्ज करा दी. स्थानीय पुलिस से निराश होकर सपना देवी नागर एसपी कार्यालय पहुंचीं और मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई तथा परिवार को सुरक्षा देने की मांग की

### मशाल जुलूस से बुलंद हुई पृथक राज्य की मांग

# जन आक्रोश यात्रा का छतरपुर में शक्ति प्रदर्शन

**छतरपुर, 09 मार्च.** पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा सोमवार शाम करीब 7 बजे छतरपुर पहुंची. इस दौरान छत्रसाल चौराहा से मशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और पृथक बुंदेलखंड राज्य के समर्थन में नारे लगाए.

यह यात्रा बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानु सहाय के नेतृत्व में निकाली जा रही है. इस मौके पर भानु सहाय ने कहा कि छतरपुर की धरती वीरता और स्वाभिमान की प्रतीक रही है. उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र लंबे समय से विकास से वंचित रहा है, इसलिए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पृथक राज्य का गठन आवश्यक है. उन्होंने बताया कि जन



आक्रोश यात्रा 16 फरवरी को चित्रकूट स्थित कामतानाथ मंदिर से शुरू हुई थी, जो 13 मार्च को ओरछा स्थित रामराजा सरकार के दरबार में पहुंचकर समाप्त होगी. यात्रा चित्रकूट, बांदा, पन्ना, दमोह, सागर, टीकमगढ़, ललितपुर, दतिया, जालौन, हमीरपुर और महोबा होते हुए छतरपुर पहुंची है.

> यात्रा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण का वादा कई वर्ष पहले किया गया था, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया गया. इसके विरोध में क्षेत्र में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है और बड़ी संख्या में लोगों को इस आंदोलन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है. इस दौरान छतरपुर कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं से भी जनसंपर्क किया गया. कार्यक्रम में अशोक सक्सेना, रघुराज शर्मा, वरुण अग्रवाल, भगवान सिंह यादव, प्रदीप झा, इमरान नौगांव, विकास पाल, हरिओम प्रजापति सहित कई लोग मौजूद रहे.

# युवक ने फांसी लगा दी जान

**छतरपुर, 09 मार्च.** जिले के ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भगवंतपुरा में एक युवक ने कथित रूप से शराब की लत से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक का शव सोमवार सुबह गांव के सरकारी स्कूल के सामने एक पेड़ पर लटका मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई.

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 21 वर्षीय नारायणदास अहिरवार, पिता रामकिशन अहिरवार, निवासी भगवंतपुरा के रूप में हुई है. परिजनों के अनुसार नारायणदास शराब पीने का आदी था और इसी कारण परिवार में अक्सर चिंता बनी रहती थी. रविवार रात उसने परिवार के साथ सामान्य रूप से भोजन किया और सोने चला गया. देर रात वह कब घर से बाहर निकल गया, इसकी जानकारी किसी को नहीं लग सकी. सोमवार सुबह जब ग्रामीण स्कूल की ओर गए, तो उन्होंने युवक का शव पेड़

- शराब की लत से था परेशान

पर फांसी के फंदे से लटका देखा. इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी गई.

सूचना मिलते ही ओरछा रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया.

# जमीन विवाद में घर में घुसकर हमला, कई लोग घायल

## कुल्हाड़ी-फरसा और डंडों से मारपीट का आरोप

**छतरपुर, 09 मार्च. जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मलका में पुराने जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है. इस घटना में परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि हमले के पीछे गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों की साजिश है.**

पीड़ित भागीरथ अहिरवार (62) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 मार्च की सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के सियाराम अहिरवार, तुलाराम अहिरवार, बृजेंद्र अहिरवार और प्रदीप अहिरवार फरसा, कुल्हाड़ी और डंडे लेकर उनके घर पहुंचे. उस समय उनके बेटे राहुल अहिरवार और भतीजे राजकुमार अहिरवार घर के बाहर बैठे थे. आरोप है कि चारों ने दो दिन पहले हुए विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया.

- एक महिला की हालत गंभीर
- मारपीट के दौरान लगभग 25 हजार का नुकसान

जान बचाने के लिए राहुल और राजकुमार घर के आंगन में भागे, लेकिन आरोपी घर के अंदर घुस आए और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट करने लगे. इसी दौरान अजय, रंजीत, विजय और रवि नाम के लोग भी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर परिवार के लोगों को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया. हमले में राहुल, राजकुमार, भागीरथ,



> सोमवार को भागीरथ अहिरवार अपने परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आवेदन सौंपकर गांव के हरिओम मिश्रा और छोटू उर्फ विकास मिश्रा पर चुनावी रंजिश के चलते हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया. पीड़ित पक्ष ने मांग की है कि कथित साजिशकर्ताओं के नाम एफआईआर में जोड़े जाएं और परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए, क्योंकि 25 अप्रैल को उनकी बेटी की शादी है और उन्हें किसी अनहोनी की आशंका है.

उनकी पत्नी लच्छी, बहू शीला, बेटी आरती, भाई प्रेमचंद और भतीजे मनीष सहित कई लोग घायल हो गए. राहुल के सिर में चोट आई, जबकि राजकुमार के सिर, सीने और हाथ में गंभीर चोटें आईं. मारपीट के दौरान राजकुमार के दो मोबाइल फोन भी तोड़ दिए गए, जिससे करीब 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ. घटना के बाद घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां बहू शीला की हालत गंभीर होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया. पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमले के बाद आरोपियों ने उल्टा शिकायत कर खुद को बचाने की कोशिश की.

# पक्षपात और भ्रष्टाचार की शिकायत

**गंजबासौदा 9 मार्च.** नगर पालिका परिषद के पार्षदों की सहमति से जांच पड़ताल के बाद आवास कुटी पात्र व्यक्तियों को राशि मिलना थी.परंतु किसी को जानकारी नहीं मिली और प्रधानमंत्री आवास कुटी की राशि अपात्र हित ग्राहियों की खाते में डाल दी गई.

नगर पालिका परिषद के पार्षद सौदान सिंह यादव ने आरोप लगाया है कि दलाल लोगों के माध्यम से सर्वे कराया गया है और इसमें भ्रष्टाचार हुआ है लगभग 190 आवास कुटी की राशि नगर पालिका परिषद के पास आई है.हालांकि इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है कितने लोगों के खाते में राशि डाली गई है.जनता द्वारा निर्वाचित पार्षदों की सहमति से यह राशि खातों में डालना थी परंतु दलालों की सहमति से यह खेल खेला गया

- प्रधानमंत्री आवास कुटी राशि देने का मामला

> गंजबासौदा नपापद्वारा नगर की सफाई व्यवस्था ठेकेदार के हवाले कर दी गई है. इससे लोगों की परेशानी बड़ी है .स्टेशन क्षेत्र वार्ड क्रमांक 3 के रहवासियों ने बताया पिछले एक सप्ताह से कचरा वाहन गलियों में नहीं पहुंच रहा है .कचरा लेने के लिए ठेकेदार के आदमी सुनते नहीं है .नगर पालिका परिषद हर माह ठेकेदार को 16 लख रुपए का भुगतान कर रही है .ठेकेदार के आदमी हर माह लोगों से सफाई कर राशि वसूल रहे हैं .मुख्य नगर पालिका अधिकारी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता वह ठीक से बोल भी नहीं पाते निर्णय भी नहीं ले पाते इस स्थिति में कहां और किससे करें शिकायत कोई सुनने वाला नहीं है.

सभी वार्डों में समान रूप से यह राशि डालना थी जहां जरूरत नहीं है वहां नहीं डालना चाहिए जरूरतमंद लोगों को महत्व मिलना चाहिए परंतु ऐसा नहीं हुआ.

# भारत की जीत पर बागेश्वर महाराज ने दी बधाई

## खिलाड़ियों की मेहनत और रणनीति को बताया जीत का कारण

**छतरपुर, 09 मार्च.** भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरा टी-20 वर्ल्ड कप खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है. इस शानदार जीत के बाद देशभर में जश्न का माहौल है. क्रिकेट प्रेमियों ने आतिशबाजी कर और मिठाइयां बांटकर टीम इंडिया की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्सव मनाया.

- 'पनौती' जैसे अंधविश्वास पर किया प्रहार

इस मौके पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भारतीय टीम को विशेष शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि



यह जीत खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, मजबूत रणनीति और भगवान की कृपा का परिणाम है. बागेश्वर महाराज ने अपने संदेश में समाज में प्रचलित 'पनौती' जैसे अंधविश्वास पर भी प्रहार किया. उन्होंने कहा कि किसी दिन, मैदान, जगह या खिलाड़ी को 'पनौती' कहना सही नहीं है. यदि किसी के पास सही नीति, मजबूत रणनीति, जोश, जुनून और लगन हो, तो हर मुश्किल को आसानी से पार किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि टी-20 फाइनल में टीम इंडिया का प्रदर्शन यह साबित करता है कि जब पूरी टीम एकजुट होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है, तो सफलता निश्चित होती है. इस जीत को उन्होंने केवल क्रिकेट मैच की जीत नहीं, बल्कि जीवन के लिए एक बड़ा संदेश बताया. महाराज ने कहा कि यदि इंसान के भीतर जुनून और समर्पण हो, तो परिस्थितियां कभी बाधा नहीं बनतीं और मंजिल जरूर मिलती है.

### अव्यवस्था | जिला अस्पताल में गंदगी, जिम्मेदार कौन?

# मरीज बदबू से परेशान, व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

**छतरपुर, 09 मार्च.** संभाग के प्रमुख चिकित्सा केंद्रों में शामिल छतरपुर जिला अस्पताल इन दिनों गंदगी और अव्यवस्थाओं को लेकर सवालों के घेरे में है. अस्पताल परिसर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिनसे उठती बदबू के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्वच्छता के दावों के बीच सामने आई यह स्थिति अस्पताल प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है.

- परिसर में जगह-जगह कचरे के ढेर, ओवरफ्लो हो रहे कचरादान
- अस्पताल प्रबंधन और नगर पालिका से जवाब की मांग

अस्पताल के वार्डों के आसपास और गलियारों में गंदगी फैली हुई है. कई जगह कचरादान ओवरफ्लो हो रहे हैं और नियमित सफाई नहीं होने से संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है. इलाज के लिए दूर-दराज से आए मरीजों के परिजन



अस्पताल परिसर में ही बैठने को मजबूर हैं, जहां गंदगी और बदबू के कारण रहना मुश्किल हो रहा है. गौरतलब है कि इस जिला अस्पताल में छतरपुर के अलावा टीकमगढ़, पन्ना और उत्तर प्रदेश के महोबा व बेलाताल क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं. ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब रोज हजारों मरीज यहां आते हैं, तो साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था क्यों नहीं हो पा रही? स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन और नगर पालिका के बीच समन्वय की कमी के कारण यह स्थिति बनी हुई है. लोगों ने मांग की है कि जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो.

# कचरा शुल्क बढ़ोतरी के खिलाफ आक्रोश

**छतरपुर, 09 मार्च.** नगर पालिका परिषद द्वारा कचरा संग्रहण शुल्क में की गई भारी बढ़ोतरी के खिलाफ शहर में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं. मेडिकल क्षेत्र, होटल व्यवसायी, मैरिज गार्डन संचालक, स्कूल-कॉलेज प्रबंधन और आम नागरिकों ने इस फैसले को लेकर नाराजगी जताई है.

- व्यापारियों और संस्थानों ने कलेक्टर कार्यालय में दिया ज्ञापन

सोमवार को बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि कलेक्टर कार्यालय, छतरपुर पहुंचे और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर इस निर्णय का विरोध दर्ज



कराया. प्रदर्शनकारियों ने नगर पालिका से कचरा शुल्क में की गई वृद्धि को तुरंत संशोधित करने की मांग की. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पिछले वर्ष तक घरेलू या छोटे स्तर पर कचरा संग्रहण शुल्क मात्र 500 रुपये प्रतिवर्ष था, जिसे अब बढ़ाकर कई मामलों में 60 हजार रुपये तक कर दिया गया है. वहीं कुछ संस्थानों पर करीब 1 लाख 20 हजार रुपये तक का शुल्क लगाया जा रहा है, जिसे लोगों ने पूरी तरह अनुचित बताया है. डॉ. एमपीएन खरे ने कहा कि नगर पालिका ने अस्पतालों, दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है. उन्होंने कहा कि महंगाई पहले ही बढ़ रही है, ऐसे में कर की दरों में इतनी बड़ी वृद्धि करना उचित नहीं है.